## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 27.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर के युवाओं और पदक विजेता एथलीटों को करेंगे संबोधित, राज्य के  महाविद्यालयों में आज आयोजित होगा युवा संवाद कार्यक्रम।
- परीक्षा विवाद पर सरकार के खिलाफ हमलावर हुआ विपक्ष; भाजपा ने परीक्षा सुधार समिति से प्रशांत कुमार को हटाने और आजसू ने सीबीआई जांच की मांग दोहरायी।
- रक्षाबंधन से पहले राज्य सरकार का महिलाओं को तोहफा, रांची जिले की करीब चार लाख महिलाओं को मिली मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की राशि।
- पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार सहित राज्य के कई जिलों में आज मूसलाधार बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल में अंडर–17 बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में झारखंड ने बिहार को पांच–एक से हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देश के सभी जिलों के दो–दो कॉलेजों में लाइव दिखाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य देश की खेल महत्वाकांक्षाओं से युवाओं को सीधे जोड़ना है। एक रिपोर्ट

*********************

इधर, राज्य के महाविद्यालयों में आज युवाओं और जन प्रतिनिधियों के बीच एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेरा युवा भारत –माय भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को विकसित भारत और 2036 ओलंपिक को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने का सीधा अवसर मिलेगा।

*********************

राज्य में भर्ती व्यवस्था में सुधार को लेकर युवाओं का आंदोलन तेज हो गया है। जेपीएससी–जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच की सुधार यात्रा के तीसरे दिन कल छात्र नेता देवेंद्र महतो चतरा के इटखोरी पहुंचे। मां भद्रकाली मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद उन्होंने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। देवेंद्र महतो ने कहा कि यह लड़ाई झारखंड के स्थानीय छात्रों को उनका हक और रोजगार दिलाने की है।

********************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदीप वर्मा ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

*********************

राज्य में जेपीएससी–जेएसएससी परीक्षा विवाद को लेकर आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पैसे लेकर नौकरियां बेचना एक गंभीर आपराधिक मामला है, इसलिए इसके मुख्य सरगना तक पहुंचने के लिए सीबीआई जांच बेहद जरूरी है।

*********************

राज्य में जेपीएससी–जेएसएससी परीक्षा विवाद के बीच नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर परीक्षा सुधार समिति से जेएसएससी के प्रभारी अध्यक्ष प्रशांत कुमार को तत्काल हटाने और उनकी स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

झारखंड पुलिस एसोसिएशन और डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो के बीच विवाद गहरा गया है। एसोसिएशन ने धनबाद के बरवाअड्डा थाना प्रभारी से दुर्व्यवहार के मामले में विधायक की पांच दिनों के भीतर गिरफ्तारी की मांग की है।

पलटवार करते हुए विधायक जयराम महतो ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर पुलिस को खुली चुनौती दी है।

*********************

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की लगभग 4 लाख लाभार्थी महिलाओं के खातों में अगस्त महीने की राशि भेज दी गई है। डीबीटी के माध्यम से हर महिला को ढाई हजार रुपये दिए गए हैं। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों तक भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। आज राज्य के उत्तर–पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार सहित हजारीबाग और कोडरमा में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कल 28 अगस्त को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में भारी बारिश का अनुमान है। वहीं 29 और 30 अगस्त को देवघर, दुमका, जामताड़ा, धनबाद और कोल्हान संभाग के जिलों में मूसलाधार बारिश और मेघ गर्जन की चेतावनी दी गई है।

*********************

नई दिल्ली में आयोजित 65वें सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के अंडर–17 बालिका वर्ग में झारखंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने बिहार को 5–1 से करारी शिकस्त दी। मैच में झारखंड की ओर से मनीषा डुंगडुंग और सबरनी कुमारी ने दो–दो गोल दागे, जबकि उषा कुमारी ने एक गोल किया।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने तिब्बत में हिमनद टूटने और नेपाल में 160 से ज्यादा की मौत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की जांच का दायरा बढ़ा रही सीआईडी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– स्थानीय लोगों के खतियान में छेड़छाड़ कर वोटर बनने का प्रयास कर रहे हैं घुसपैठिये।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान ने राज्य में मौसम के मेहरबान होने की खबर को प्रमुखता दी है।

*********************